# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण)
**लडापुरा वाटर वर्क्स के निकट, झालू रोड, बिजनौर(उ0प्र0)**
**(दूरभाष / फैक्स : 01342–252649)**
**E-mail: ee_bjn_cdupjn@yahoo.co.in**


पत्रांकः 2682 / प्रेस कटिंग / 25 दिनांकः–17.06.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषय :–** **उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ से प्राप्त प्रेस कटिंग पर आख्या का प्रेषण।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके कार्यालय से प्राप्त ई0पेपर अमर उजाला दिनांक 13 जून 2026 प्रेस कटिंग **" ओवरहेड टैंक नहीं बनने से सलावतनगर को नहीं मिल रहा पानी"** खण्ड कार्यालय को आख्या उपलब्ध कराने हेतु प्राप्त हुई है। आपके द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुपालन में उक्त पर आख्या निम्नानुसार सादर प्रेषित हैः–

| प्रेस कटिंग | आख्या |
|---|---|
| प्राप्त पेपर कटिंग में अफजलगढ़। ग्राम पंचायत सलावतनगर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए ओवरहेड टैंक का निर्माण होना है, लेकिन योजना के करीब चार वर्ष बीत जाने के बाद भी यह काम पूरा नहीं हुआ। ग्रामीण स्वच्छ पेयजल के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीणों ने शीघ्र पेयजल आपूर्ति सुचारू कराने की मांग की है।<br>पंचायत में तीन दिसंबर 2022 को ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। निर्माण कार्य तीन जून 2024 तक पूरा किया जाना था लेकिन ओवरहेड का निर्माण कार्य अब तक भी पूरा नहीं कराया जा सका। ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य एलसी इंफ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड संस्था के द्वारा करीब 291.55 लाख रुपये की लागत से किया जाना है। इस ओवरहेड टैंक से करीब आठ सौ परिवारों को पेयजल का लाभ मिलना प्रस्तावित है लेकिन विभागीय हीलाहवाली के चलते चार वर्ष बीतने के बाद काम पूरा नहीं हो सका। वैसे गांव में पाइप लाइन बिछाने सहित नलकूप का बोरिंग करा दिया गया है। बोरिंग से ही कभी–कभी पानी की आपूर्ति की जाती है लेकिन इससे ऊंचाई पर स्थित घरों में पानी नहीं पहुंच पाता।<br>ग्रामीण तारा सिंह का कहना है कि चार वर्ष बाद भी ओवरहेड टैंक नहीं बन सका। पाइप लाइन बिछा दी गई है, बोरिंग भी हो चुका है, लेकिन अभी तक उन्हें पानी नहीं मिल पाया है। शीघ्र पानी की आपूर्ति सुचारू कराई जानी चाहिए।<br>ग्रामीण गोविंद सिंह का कहना है कि विभाग की उदासीनता के चलते चार वर्ष बाद भी ओवरहेड टैंक नहीं बना है। इससे उन्हें स्वच्छ जल नहीं मिल पा रहा है। शीघ्र पानी की आपूर्ति शुरू की जानी चाहिए।<br>ग्रामीण नरेश कुमार का कहना है कि पानी की आपूर्ति के लिए कई बार जल निगम के भी अधिकारियों से मांग की जा चुकी है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पानी की शीघ्र आपूर्ति की जाए।<br>ग्रामीण निहाल सिंह का कहना है कि ओवरहेड टैंक तो बना नहीं है। गांव में पाइप लाइन तक बिछ चुकी है। बोरिंग भी करा दिया गया है। करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद ग्रामीणों को इसका कोई लाभ नहीं मिला।<br><br>सलावतनगर में योजना का लगभग पूरा काम हो गया है। वर्तमान में ओवरहेड निर्माण का कार्य चल रहा है। अभी पानी की सीधे सप्लाई दी जा रही है।<br>....राकेश चौधरी, अधिशासी अभियंता, जलनिगम, बिजनौर | जनपद बिजनौर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम सलावतपुर, विकास खण्ड अफजलगढ़ में फेज–।।। के अन्तर्गत कार्यदायी एजेन्सी मै0एल0सी0इन्फ्रा प्रो0प्रा0लि0 द्वारा पेयजल योजना का निर्माण कार्य किया जा रहा है।<br>ग्राम **सलावतपुर, विकास खण्ड अफजलगढ़** में निर्माणाधीन पेयजल योजना में टयूबवैल, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण एवं ओवर हैड का कार्य 85 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है योजना में डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है।<br><br>एजेन्सी द्वारा अपने कार्यालय पत्रांक 1145/LCInfra/ Bijnor Dated 17-06-2026 के द्वारा अवगत कराया गया है कि योजना पर डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है, परन्तु पाईप लाईन लिकेज हो जाने के कारण कुछ समय के लिए पेयजल आपूर्ति बाधित हो जाती है, लिकेज ठीक कराकर पुनः पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करा दी जाती है। अवर जलाशय का निर्माण कार्य प्रगति पर चल रहा है शीघ्र ही अवर जलाशय के अवशेष कार्य को पूर्ण कर ग्राम में नियमित रुप से जलापूर्ति की जायेगी।<br><br>अधोहस्ताक्षरी द्वारा एजेन्सी को समस्त कार्य समयबद्ध रुप से पूर्ण कर उचित प्रेशर के साथ पेयजल आपूर्ति शीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश दिये गये है। |

भवदीय

(राकेश चौधरी)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0एवं दिनांक उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1— मुख्य अभियन्ता(मुरा0क्षे0), उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण) को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2— जिलाधिकारी महोदया बिजनौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3— मुख्य विकास अधिकारी, बिजनौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4— जिला सूचना अधिकारी, बिजनौर को सूचनार्थ प्रेषित।
5— श्री शुभम सक्सैना सहायक अभियन्ता/श्री भारत सिंह जूनियर इंजीनियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6— प्रोजेक्ट मैनेजर, मैसर्स एल0सी0इन्फ्रा प्रो0प्रा0लि0 बिजनौर को इस निर्देश के साथ कि योजना से समयान्तर्गत पेयजल आपूर्ति सुचारु करना सुनिश्चित करें।

/
अधिशासी अभियन्ता

lc infra

(Formerly known as Laxmi Construction)

पत्रांकः- 1145/LCInfra/BIJnor

दिनांक :17-06-2026

सेवा में,

अधिशाशी अभियंता

खण्ड कार्यालय,

ऊ०प्र० जल निगम (ग्रामीण)

बिजनौर।

विषय :- जल जीवन मिशन के अंतर्गत परियोजना सलावत नगर ब्लॉक- अफ़जलगढ़ में समाचार पत्र के माध्यम से प्राप्त हुई शिकायत के संबंध मे।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अनुरोध के साथ अवगत करवाना है कि कि जनपद बिजनौर में ग्राम पंचायत सलावत नगर, ब्लॉक- अफ़जलगढ़ में जल जीवन मिशन के तहत योजना का कार्य चल रहा हे जिसके अंतर्गत दिनांक 16.06.2026 को समाचार पत्र के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई है, ग्राम पंचायत सलावत नगर विकास खण्ड अफजलगढ पेयजल योजना में ट्यूबवेल, पंप हाउस , बाउंड्री वाल ओवर हेड टैंक का कार्य 85 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। योजना पर डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है परन्तु, पाइप लाइन में लीकेज हो जाने के कारण कुछ समय के लिए पेयजल आपूर्ति बाधित हो जाती है पाइप लाइन की लीकेज को ठीक करवाकर पुनः पेयजल आपूर्ति आरम्भ करवा दी जाती है। अवर जलाशय का निर्माण कार्य प्रगति पर चल रहा है शीघ्र ही अवर जलाशय के अवशेष कार्यो को पूर्ण कर ग्राम में नियमित रूप से जलापूर्ति की जायेगी।

यह योजना मान्य प्रधानमंत्री जी की महत्वपूर्ण योजना है जिसको समय से पूरा करने में सहयोग करे।

LC INFRA PROJECTS PRIVATE LIMITED AHMEDABAD

एल०सी०इंफ्रा० प्रोजेक्ट्स प्रा०लि०

LC INFRA PROJECTS PRIVATE LIMITED ISO 9001:2015 CERTIFIED
CIN:U45209GJ2018PTC103009
409-410, 401, Iscon Elegance, Near Jain Temple, Tele : +91 66168765/66